भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **- 1054**
दिनांक **24.07.2026** को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेश में भारतीय नागरिकों की मृत्यु की समीक्षा

1054. श्री सतपाल ब्रह्मचारीः
श्री जय प्रकाशः

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2023 से 2025 के दौरान विदेश में भारतीय नागरिकों की मृत्यु के मामलों की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, इटली और जर्मनी में मृत्यु के कारणों (प्राकृतिक मृत्यु, कार्यस्थल दुर्घटना, आत्महत्या, अपराध या अन्य) का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा खाड़ी और यूरोपीय देशों में कार्यरत भारतीय प्रवासियों और श्रमिकों की कार्य स्थितियों, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और स्थानीय सुरक्षा मानकों के संबंध में कोई स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या विदेश स्थित भारतीय मिशनों के माध्यम से कानूनी सहायता, वित्तीय सहायता, संकटग्रस्त परिवारों को मुआवजा, बीमा दावों का निपटान और पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक एवं भारत वापस लाने की प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए कोई नई प्रणाली आरंभ की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्तवर्धन सिंह **]**

(क) और (ख) जी हाँ, सरकार ने वर्ष 2023 से 2025 के दौरान विदेशों में भारतीय नागरिकों की मृत्यु के मामलों की समीक्षा की है। मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023-2025 के दौरान भारतीय नागरिकों की मृत्यु से संबंधित कारणवार और देशवार सूची अनुबंध क में दी गई है।

(ग) सरकार भारतीय प्रवासियों और विदेश में काम करने वाले कामगारों की सुरक्षा, संरक्षा और भलाई को उच्च प्राथमिकता देती है। उनके लिए चैनल स्थापित किए गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे किसी भी सहायता के लिए भारतीय मिशनों/केंद्रों तक पहुँच सकें। प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र (जिसे पूर्व में इंडियन वर्कर्स रिसोर्स सेंटर्स के नाम से जाना जाता था) प्रमुख स्थानों, जैसे नई दिल्ली, दुबई, रियाद और जेद्दाह में स्थापित किए गए हैं, जो भारतीय मिशनों/केंद्रों के साथ समन्वय में काम करते हैं ताकि भारतीय कामगारों को मार्गदर्शन, काउंसलिंग और हर संभव सहायता प्रदान की जा सके। वे भारतीय मिशनों/केंद्रों से वॉक-इन, ईमेल, बहुभाषी 24x7 इमरजेंसी नंबर, व्हाट्सएप नंबर, शिकायत निवारण पोर्टल जैसे मदद/सीपी ग्राम्स /ईमाइग्रैट, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं। ऐसे मामलों को संभालने के लिए

समर्पित श्रम विभाग/स्कन्ध होते हैं, जहां भारतीय प्रवासी कामगारों की संख्या अधिक होती है। भारतीय मिशन/केंद्र समय-समय पर सुदूर इलाकों में ओपन हाउस और कॉन्सली शिविर आयोजित करते हैं ताकि वहां रहने वाले भारतीय कामगारों से फीडबैक लिया जा सके और उनकी शिकायतों का समाधान किया जा सके।

भारतीय कामगारों से पीबीएसके और अन्य स्थापित चैनलों के माध्यम से कोई भी शिकायत मिलने पर, भारतीय मिशन/केंद्र सक्रिय रूप से इसे संबंधित विदेशी नियोक्ता (एफई) के पास भेजते हैं और आवश्यकता पड़ने पर परेशान कामगार के कार्यस्थल का भी दौरा करते हैं। इन मामलों को मेज़बान देश के स्थानीय श्रम विभाग और अन्य संबंधित प्राधिकारियों के पास समाधान हेतु उठाया जाता है।

इसके अलावा, महिला कर्मचारियों (जिसमें घरेलू क्षेत्र के कामगार भी शामिल हैं) की संरक्षा और सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय के रूप में, सरकार ने ईमाइग्रैट पोर्टल के माध्यम से खाड़ी और अन्य घोषित ईसीआर देशों में ईसीआर श्रेणी पासपोर्ट धारक भारतीय महिलाओं की विदेशी रोजगार के लिए भर्ती करने की अनुमति केवल राज्य संचालित भर्ती एजेंसियों (आरए) को ही दी है। इसके अलावा, विदेशों में रोजगार के लिए एवं उनके शोषण से बचाव हेतु ईसीआर श्रेणी के पासपोर्ट धारक महिला कर्मचारियों की न्यूनतम आयु सीमा 30 वर्ष रखी गई है।

(घ) भारत सरकार ने भारतीय कामगारों की भलाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जैसे कि प्रवासी भारतीय बीमा योजना (पीबीबीवाय)। प्रवासी भारतीय बीमा योजना (पीबीबीवाय) ईसीआर श्रेणी के सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य बीमा योजना है जो ईसीआर देशों में जा रहे हैं। इस योजना के तहत दुर्घटनाग्रस्त मृत्यु या स्थायी अक्षमता की स्थिति में 10 लाख रुपये का बीमा कवर मिलता है और अन्य लाभ भी प्रदान किए जाते हैं, जिसमें दो साल की वैधता हेतु बीमा प्रीमियम मात्र 275/- रुपये या तीन साल की वैधता के लिए 375/- रुपये ही देना होता है।

इसके अलावा, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय समयबद्ध ढंग से पार्थिव शरीरों के परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करते हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का eCARe क्लियरेंस पोर्टल (https://ecare.mohfw.gov.in) एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है जो भारत में पार्थिव शरीरों के परिवहन के लिए 48 घंटे के भीतर क्लियरेंस देने की सुविधा देता है। यह पोर्टल सभी स्टेकहोल्डर्स को एक ही इंटरफेस पर एकीकृत करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जिसमें प्राप्तकर्ता, एयरपोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (एपीएचओ) और एयरलाइन शामिल हैं। यह पोर्टल दस्तावेजों की सुचारू और समय पर क्लियरेंस को आसान बनाता है, साथ ही इसमें ऑटोमेटेड पीरियोडिक अलर्ट और लाइव स्टेटस ट्रैकिंग की सुविधा है।

भारतीय मिशन/केंद्र, विदेश में संकटग्रस्थ भारतीय नागरिकों को आय-आधारित आधार पर वित्तीय और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय कम्यूनिटी वेलफेयर फंड (आई सी डब्लू एफ) का भी उपयोग करते हैं। आई सी डब्लू एफ के तहत मुख्य सहायता/सुविधाएं अर्थात भोजन और आवास, भारत के लिए हवाई यात्रा, कानूनी सहायता, आपातकालीन मेडिकल देखभाल, मृतक अवशेषों का भारत में परिवहन आदि शामिल हैं।

अनुबंध क

क्र. सं.	देश का नाम	वर्ष **2023-2025** के दौरान निम्नलिखित कारणों से हुई भारतीय नागरिकों की मृत्यु के मामलों की संख्या				
		प्राकृतिक कारण	कार्यस्थल पर दुर्घटनाएँ	आत्महत्या	अपराध	अन्य कारण
1	अफ़ग़ानिस्तान	4	0	0	0	0
2	अल्बानिया	1	1	0	0	0
3	अल्जीरिया	4	5	1	0	0
4	अंगोला	26	0	0	0	0
5	अर्जेंटीना	3	0	0	0	0
6	आर्मीनिया	75	19	2	3	0
7	ऑस्ट्रेलिया	472	8	19	3	75
8	ऑस्ट्रिया	48	0	0	0	3
9	अजरबैजान	12	0	0	0	0
10	बहरीन	703	10	101	2	43
11	बांग्लादेश	78	1	1	0	5
12	बेलारूस	2	0	0	1	10
13	बेल्जियम	32	1	0	1	1
14	भूटान	31	9	7	0	4
15	बोस्निया और हर्जेगोविना	0	0	0	0	1
16	बोत्सवाना	23	0	3	0	9
17	ब्राज़ील	14	0	1	0	0
18	ब्रुनेई	28	0	5	0	2
19	बुल्गारिया	5	2	0	0	0
20	बुर्किना फासो	8	2	0	0	1
21	कंबोडिया	29	0	5	0	3
22	कैमरून	10	1	0	0	1
23	कनाडा	453	40	39	9	411
24	चिली	4	0	1	0	1
25	चीन	117	0	7	0	6
26	कोलंबिया	4	0	1	1	0
27	कोटे डी आइवर	20	3	0	3	1
28	क्रोएशिया	4	1	1	0	6
29	क्यूबा	3	0	0	0	0
30	साइप्रस	15	11	4	1	0
31	चेक गणराज्य	4	0	0	0	10
32	कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य	86	5	4	3	5
33	डेनमार्क	19	0	4	1	1
34	ज़िबूती	4	2	0	0	0

35	डोमिनिकन गणराज्य	2	0	0	0	1
36	मिस्र	46	2	0	0	0
37	इक्वेटोरियल गिनी	3	1	0	0	0
38	इरिट्रिया	1	0	0	0	0
39	एस्तोनिया	0	0	1	0	2
40	इथियोपिया	13	1	1	1	0
41	फिजी	5	1	0	0	1
42	फिनलैंड	8	0	2	0	0
43	फ्रांस	92	2	6	2	1
44	गैबॉन	2	0	1	0	0
45	जॉर्जिया	0	0	0	0	7
46	जर्मनी	172	3	9	3	45
47	घाना	48	8	1	0	0
48	ग्रीस	80	4	8	0	35
49	ग्वाटेमाला	2	0	0	0	4
50	गिनी	16	0	2	0	1
51	गुयाना	8	0	1	0	0
52	हंगरी	17	1	2	0	2
53	आइसलैंड	2	0	0	0	0
54	इंडोनेशिया	93	2	1	0	13
55	ईरान	26	10	1	0	6
56	इराक	89	3	0	0	9
57	आयरलैंड	39	0	1	1	6
58	इटली	910	9	38	9	91
59	जमैका	5	0	2	2	7
60	जापान	61	0	4	0	15
61	जॉर्डन	34	5	3	0	1
62	कजाखस्तान	14	0	0	0	1
63	केन्या	87	3	5	0	12
64	इस्वातिनी साम्राज्य	4	0	1	0	3
65	कुवैत	1672	62	162	10	285
66	किर्गिज़स्तान	0	0	0	2	9
67	लाओस	8	0	3	0	4
68	लातविया	0	0	0	0	1
69	लेबनान	25	0	2	2	6
70	लाइबेरिया	18	0	0	0	2
71	लीबिया	3	0	1	0	2
72	लिथुआनिया	1	0	0	0	0
73	मेडागास्कर	25	0	0	1	0
74	मलावी	22	0	0	0	5
75	मलेशिया	1056	7	131	8	235
76	मालदीव	57	13	12	0	6

77	माली	5	0	1	0	0
78	माल्टा	19	0	4	0	4
79	मॉरिटानिया	3	0	0	0	0
80	मॉरीशस	49	9	8	0	1
81	मेक्सिको	36	0	0	1	0
82	मंगोलिया	1	0	0	0	0
83	मोरक्को	5	1	0	0	0
84	मोज़ाम्बिक	26	0	0	0	8
85	म्यांमार	8	0	0	0	0
86	नामीबिया	3	0	0	0	0
87	नेपाल	44	1	0	0	0
88	न्यूज़ीलैंड	42	0	0	0	0
89	नाइजर	1	0	0	2	0
90	नाइजीरिया	122	9	3	0	2
91	नॉर्वे	23	0	0	0	0
92	ओमान	1092	38	146	0	222
93	पाकिस्तान	29	0	0	0	0
94	पनामा	19	0	0	0	0
95	पापुआ न्यू गिनी	1	1	0	0	2
96	पराग्वे	1	0	0	0	0
97	पेरू	6	0	0	0	0
98	फिलिपींस	184	17	4	15	1
99	पोलैंड	35	0	4	2	12
100	पुर्तगाल	76	5	2	0	26
101	कतर	783	23	66	0	102
102	कांगो गणराज्य	1	0	1	0	2
103	कोरियाई गणतन्त्र	8	0	1	0	19
104	रोमानिया	15	1	1	0	2
105	रूस	67	0	6	0	36
106	रवांडा	11	0	0	0	0
107	सऊदी अरब	6376	182	354	29	1040
108	सेनेगल	12	2	0	0	1
109	सर्बिया	7	2	1	0	3
110	सेशेल्स	19	3	0	0	12
111	सिएरा लिओन	18	6	2	0	0
112	सिंगापुर	639	32	14	0	0
113	स्लोवाक गणराज्य	2	0	0	0	2
114	स्लोवेनिया	3	0	0	0	0
115	दक्षिण अफ्रीका	125	4	0	3	16
116	दक्षिण सूडान	4	2	0	0	1
117	स्पेन	147	0	8	1	15

118	श्रीलंका	67	7	6	1	16
119	सूडान	4	0	0	0	0
120	सूरीनाम	3	0	1	0	2
121	स्वीडन	18	0	0	0	0
122	स्विट्ज़रलैंड	54	0	0	0	4
123	सीरिया	2	0	0	0	0
124	ताजिकिस्तान	0	0	0	0	1
125	तंजानिया	2	1	0	0	0
126	थाईलैंड	293	1	18	1	76
127	नीदरलैंड	62	0	0	0	0
128	तिमोर लेस्ते	1	0	0	0	0
129	टोगो	6	0	0	0	0
130	ट्रिनिडाड और टोबैगो	0	0	0	1	1
131	ट्यूनीशिया	2	1	0	0	1
132	तुर्किये	19	1	0	0	7
133	तुर्कमेनिस्तान	1	0	0	0	0
134	युगांडा	84	3	6	2	10
135	यूक्रेन	4	0	0	0	0
136	संयुक्त अरब अमीरात	5702	128	511	25	1092
137	यूनाइटेड किंगडम	632	6	34	5	149
138	संयुक्त राज्य अमेरिका	2340	46	62	37	365
139	उरुग्वे	1	0	0	0	0
140	उज़्बेकिस्तान	19	7	2	0	0
141	वेनेज़ुएला	1	0	0	0	0
142	वियतनाम	41	2	0	0	4
143	यमन	4	0	0	0	0
144	जाम्बिया	24	0	2	1	36
145	ज़िम्बाब्वे	10	1	0	0	1

*****